# –प्रेस नोट–

# जनपद - मुजफ्फरनगर

# दिनांक 01-04-2024

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 31.03.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त शहजाद पुत्र इस्लाम निवासी मिमलाना रोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को मदरसे के पीछे वाली गली थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 91/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **एफ.एस.टी. टीम तथा थाना चरथावल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 49 पेटी अवैध शराब, 1,51,970/– रुपये तथा 01 स्कॉर्पियो कार सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 01.04.2024 को एफएसटी मजिस्ट्रेट श्री देवन्द्र कुमार तथा थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री ओंकारनाथ पाण्डेय मयहमराहीगण द्वारा दौराने चौकिंग 01 अभियुक्त धीरेन्द्र पाल सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम कालन्दी थाना सरधना, जनपद मेरठ को दधेडू चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 49 पेटी अवैध देशी शराब, 1,51,970/– रुपये तथा 01 स्कॉर्पियो नंबर यूपी15 डीयू 8927 बरामद की गयी।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 72/2024 धारा 60(1)72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 01.04.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री कौशल गुप्ता मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त राहुल उर्फ रसगुल्ला पुत्र शिवदयाल निवासी नंगली मन्दिर के पास मौहल्ला अदैत विहार थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को खतौली रजवाहे की पटरी भूड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 24 अद्धे अवैध अंग्रेजी शराब (पंजाब मार्का) बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 136/2024 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 01.04.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामबाबू शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 36/2024 धारा 304/506 भादवि व 3(1)द, 3(2)ध, 3(2)वी एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त नसीम उर्फ भूरा पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम हरिनगर थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को कम्हेड़ा पुल गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 01.04.2024 को थाना नई मण्ड़ी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा 0 अभियुक्तगण 1– वंश मलिक पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी शान्तिनगर थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर। 2– आयुष पुत्र सूरज निवासी डाकघर के पास थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर को ग्राम कूकड़ी के रास्ते पर टयूबवैल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे तथा 02 कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 115/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 01.04.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजीत शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 55/2024 धारा 406/323 भादवि में वांछित अभियुक्तगण 1– परवेज पुत्र अब्बास 2– मुन्तजिर पुत्र बहाव 3– तन्जीम पुत्र बहाव निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को कस्बा मीरापुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 मोटरसाईकिल बरामद की गयी।

➢ **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 शराब तस्कर अभियुक्तगण को अवैध शराब की 65 पेटी तथा 01 आई–20 कार सहित किया गया गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 01.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री महावीर सिंह चौहान थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर मय हमराहीगण द्वारा 02 शातिर तस्कर अभियुक्तगण 1– विनय पुत्र कालीराम निवासी नांगल कलान थाना कुण्ड़ली जनपद सोनीपत, हरियाणा 2– अभय पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम प्रीतमपुरा थाना कुण्ड़ली जनपद सोनीपत, हरियाणा को चौकिंग के दौरान बुढ़ाना मार्ग से मीरापुर बम्बा पुलिया मैन रोड पर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे व निशांदेही से 65 पेटी अवैध शराब (पंजाब मार्का) 01 आई–20 कार तथा 02 मोबाईल फोन बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–151/2024 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।